# बालाजी हमारे हैं | By Rohit Dang

बालाजी हमारे हैं हम बालाजी के हैं
रिश्ता हमारा बड़ा प्यारा है
डोलने ना देते हैं खुद थाम लेते हैं
कृपा से मिलता किनारा हैं

एहसान तेरा हम पर हर सुख दिया है
सर उठा के हम जी सके लायक किया है
तुमने सँवारे हैं काम जो हमारे हैं
तेरे सिवा और ना सहारा है

तेरे संग ज़िन्दगी की डोर जुड़ गई है
हर ख़ुशी बाबा मेरे और मुड़ गई है
चरणों में ही रहना है बस यहीं कहना है
दूर रहना हमको ना गंवारा है

परवाह नहीं है अब रोहित को ज़माने की
फ़ुर्सत नहीं है किसी और को मानाने की
जोगिया के प्राण तुम हो मान सम्मान तुम हो
तुमने हीं बाबा हमको तारा है
बालाजी हमारे हैं ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-rohit-dang/